मामला खाद्य विभाग का : सोनू तिवारी की भूमिका पर उठ रहे सवाल

# अब एनजीओ के माध्यम से हो रही है अवैध वसूली

**सिवनी नवभारत।** देश और प्रदेश में व्यक्ति के जीवन के साथ अपने स्वास्थ्य शरीर के लिए व्यक्ति हमेशा ख्याल रखना है कि स्वास्थ्य हमेशा सही हो जिसके लिए तरह-तरह की चीज इस समय जिले शहर नगर और ग्रामीणों में व्यापार के माध्यम से जहरीली वस्तु का व्यापार जोरों पर चलता है जिसको रोकने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा एक विभाग गठित किया गया है जो केवल और केवल इस तरह के अवैध चीजों पर अंकुश लगे और व्यक्ति हमेशा अपने स्वास्थ्य के साथ सुरक्षित रहे जिसके लिए खाद्य विभाग को प्रमुख रूप से दायित्व सौंपते हुए नियमों का पालन के चलते ऐसे व्यापारियों पर निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ के अलावा व्यक्ति के जीवन में बहुत सारी चीज इस्तेमाल करते हुए अपना जीवन यापन करता है क्योंकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम पर पूरा विश्वास होता है। लेकिन मध्य प्रदेश के छोटे से जिले सिवनी में इस समय खाद्य विभाग की चर्चा पूरे जिले में चर्चित है जिसका उदाहरण समय-समय पर प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन को लगातार खाद्य विभाग को लेकर समाचार के माध्यम से ध्यान आकर्षित करते हुए अवगत करा रही है लेकिन खाद्य विभाग पर कोई कार्यवाही ना होना कहीं ना कहीं राजनीतिक पकड़ या किसी बड़े उच्च अधिकारियों का संरक्षण दिखाई दे रहा है।

इसके अलावा राजनीतिक संरक्षण की भी चर्चा पूरे जिले में जन चर्चा का विषय बनी हुई है। और इस मामले में नवभारत समाचार पत्र लगातार प्रमुखता से खबर प्रकाशित करते हुए ध्यान आकर्षित करने काम कर रहा है।

## कार्यवाही के दौरान ही क्यों जाते हैं प्राइवेट कर्मचारी



नरसिंहपुर से स्थानांतरण के बाद सिवनी में भी ऐसा ही रवैया और कार्य देखने को मिल रहा है जो नरसिंहपुर में हमेशा विवादित की स्थिति में आए दिन सुर्खियों में थी और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि एक बार इनको भारी सजा भी मिल चुकी है लेकिन इसके बाद भी अब सिवनी में इनकी कानामे सिवनी में भी देखने को मिल रहा है । समाचार प्रकाशन के बाद प्राइवेट व्यक्ति को बदल बदल कर कार्यवाही के दौरान ले जाना क्या उचित है जिस पर लगातार नवभारत समाचार पत्र द्वारा खबरें प्रकाशित करते हुए ध्यान आकर्षित किया जिस पर जब-जब समाचार पत्र पर प्राइवेट व्यक्तियों को लेकर खबर प्रकाशित होती तब तब प्राइवेट व्यक्ति को बदल बदल कर अवैध वसूली जैसे संगीन आरोप को लेकर लगातार सोनू तिवारी जो कि खाद्य अधिकारी के रूप में जिले में सेवा दे रही है जिनकी चर्चा सोशल मीडिया और मीडिया में जन चर्चा का विषय बन चुका है कि जब जब समाचार प्रकाशित होता है तब तब नए-नए प्राइवेट व्यक्ति को साथ में ले जाकर दुकानदारों से अवैध वसूली की जाती है। और अब सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि अब इसके बाद एनजीओ की कोई प्राइवेट संस्था के व्यक्ति को साथ में ले जाकर अब फिर से अवैध वसूली का काम शुरू हो गया है जिसके चलते खाद्य विभाग इस समय पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है ।


खाद्य सुरक्षा भगवान भरोसे : त्योहारों पर ड्रामा

बाकी दिन मिलावट को खुला निमंत्रण

अधिकारी का स्टाफ कम का बहाना और हकीकत

जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कब तक

नवागत कलेक्टर शीतला पटले से बड़ी उम्मीद है की खाद्य विभाग के ऊपर लगाम लगाने में तत्परता के साथ कार्यवाही करें क्योंकि उन्हें इस के बारे में कुछ जानकारी नहीं है लेकिन दीपावली पर्व के बाद अब हिंदुओं को त्यौहार की शुरुआत हो चुकी है और इस समय खाद्य विभाग की लापरवाही व्यक्ति को जीवन के साथ खिलवाड़ कर सकती है जिसकी जिम्मेदारी खाद्य विभाग की बताई जा रही है क्योंकि मामला लगातार सामने आ रहा है की खाद्य विभाग केवल खानापूर्ति में लगा हुआ है और समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन को गुमराह करते हुए केवल कार्यवाही के नाम पर वही वही लूट रहा है और प्राइवेट व्यक्तियों से अवैध वसूली का मामला भी लगातार सुर्खियों में है। जो जिला प्रशासन के लिए चुनौती से काम नहीं माना जा रहा है।

जब से खाद्य अधिकारी ने सिवनी में। जितने भी कार्यवाही इनके द्वारा की गई है उन कार्रवाइयों की अगर जांच और समीक्षा की जाए तो मामला सामने आ जाएगा कि सैंपल के नाम पर दुकानदारों से प्राइवेट व्यक्तियों के माध्यम से किस तरह अवैध वसूली की जाती है क्योंकि उन्हें पता है कि इस समय भ्रष्टाचार को अंकुश लगाने के लिए और रिश्वत मांगने के लिए इस समय प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव गंभीर देख रहे हैं जिसके चलते उनके द्वारा तत्काल फैसला लेकर कार्रवाई कर रहे हैं जिसका उदाहरण अभी नया-नया जो की तीन करोड़ का मामला पूरे मध्य प्रदेश में छाया हुआ है इन पर गतिविधियों को लगाने के लिए लोकायुक्त सीबीआई जैसे विभाग अलर्ट हैं जिसके चलते खाद अधिकारी प्राइवेट व्यक्ति की आड़ में ले जाकर उनके हाथों वसूली कराई जाती है जिससे उन्हें पता है कि प्राइवेट व्यक्ति पर अगर कार्रवाई की जाती है तो उसे होना कुछ नहीं होता इस कारण हो सकता है कि हर समय अलग-अलग प्राइवेट कर्मचारियों को ले जाकर नियम विरुद्ध तरीके से कार्यवाही की यह पर खाद्य विभाग पूरे जिले में व्यापारियों और छोटे-छोटे किराना व्यापारियों और होटल पर जाकर कार्रवाई के नाम पर लीपापोती कर अवैध वसूली की जा रही है अब देखना होगा इस मामले में जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर मामले पर क्या कदम उठाएंगे जिससे जीने की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ ना हो।

### अवैध वसूली की चर्चा जोरों पर, दुकानदार परेशान

जैसे जैसे धार्मिक त्योहारों का दौर शुरू होता है वैसे ही अचानक खाद्य विभाग द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छापा मार कार्यवाही शुरू कर दी जाती है क्योंकि विभाग को पता है कि त्योहारों में ही अन्यथाएं देखने को मिलती है लेकिन यह कार्यवाही केवल दिखावा ही होती है जिसका उदाहरण आज देखने को मिला जहां विभाग द्वारा आज शुक्रवारी बुधवारी और मांगलीपेठ क्षेत्र में विभाग का अमला देखने को मिला और यह अमला केवल और केवल वसूली के लिए निकाला था जिसका उदाहरण दुकानदार से अवैध वसूली की चर्चा के चलते आज पूरे बाजार में व्यापारी और छोटे-छोटे दुकानदारों की परेशानी देखते हुए जब हमारी टीम ने सर्वे किया तो बताया गया कि खाद्य विभाग द्वारा हमें दाना धमकाकर जबरदस्ती सैंपल के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है और सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि बाहुबली होटल के प्रसिद्ध किराना व्यवसाय और चावल मंडी में किसी थोक व्यापारी के यहां वसूली की रकम विभाग द्वारा इन्हीं व्यापारियों के माध्यम से ले रहे हैं और नगर सहित पूरे जिले के व्यापार परेशान है इस मामले में जब हमारे संवाददाता ने खाद्य अधिकारी सोनू तिवारी से इस मामले की चर्चा करने का प्रयास किया और पक्ष जानने के लिए बार-बार लगातार फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया इससे यह प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं इस मामले को लेकर मीडिया पर कोई अपना पक्ष नहीं रखना चाह रहा है।

# प्रशासन ने हटवाई फटाखा दुकान

किराना व्यवसायी को हो सकता था बडा नुकसान



**धारनाकला नवभारत।** तहसीलदार बरघाट तथा पुलिस थाना बरघाट द्वारा ग्राम पंचायत धारनाकला के समीप शासकीय जमीन पर लगने वाली फटाखा दुकानो को हटाने की कार्रवाई की गई है। पटाखा दुकान के विक्रेताओ और लायसेंस धारियो को गावं से बाहर ही शासकीय रकबे की जमीन मे स्थानांतरित कर दिया गया है। ग्राम मे शासकीय जमीन न होने की स्थिति मे सरपंच के द्वारा फटाखा दुकान संचालित करने के ग्राम पंचायत के समीप की जमीन पटाखा दुकानो को आवंटित कर दी थी किन्तु किराना व्यवसायी के हस्ताक्षेप के चलते तथा शिकायत को ध्यान मे रखते हुऐ तहसीलदार बरघाट तथा पुलिस प्रशासन के द्वारा फटाखा दुकानो के पंडाल तत्काल हटाने की कार्रवाई की गई तथा एक निश्चित स्थान ग्राम के बाहर सुनिश्चित करते हुऐ पटाखा दुकान स्थापित करवाई गई।

बहूत कठिन है डगर पनघट की

यहा यह बताना भी लाजिमी है की शासन के नियमानुसार फटाखा व्यवसाय करना भी सरल नही है चूकि शासकीय गाईड लाइन और नियम के अनुसार अब दुकानदारो को फटाखो के सेपंल जांच एवं अंडरस्टेंडिंग स्व घोषणा पत्र देना होगा जिसमे प्रशासन को यह घोषणा पत्र प्रत्येक फटाखा व्यवसायी को देना होगा चूकि माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के द्वारा रिट पिटीशन क्रमांक 728/2015 मे जारी आदेश दिनाक दिनांक 29/10/2021 पर कार्यवाई किये जाने के निर्देश दिये गये है जिसके अनुसार माननीय उच्चतम द्वारा प्रति बंधित एवं स्वास्थ्य के लिये हानिकारक फटाखो के निर्माण भंडारण परिवहन विक्रय उपयोग आदि के प्रति बंध के सम्बध्द मे सख्ती से पालन किया जाना है तथा प्रति बाधित फटाखो का विक्रय न हो इस हेतू बाजार मे विक्रय हेतू उप्लब्ध फटाखो के सेपंल जांच हेतु क्षेत्रीय कार्यालय मध्य प्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर को भेजा जाना है तथा घोषणा पत्र मे केवल improved crackers /green crackers का ही निर्माण भंडारण परिवहन विक्रय का घोषणा पत्र देना

## शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव

**सिवनी नवभारत।** दीवाली पर्व को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। दीपावली तक शहर मे भारी वाहनो का प्रवेश सुबह 07 बजे से रात्री 11 बजे तक पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहनो के लिए नगर पालिका के पीछे बने पार्किंग स्थान बनाया गया है। इसी तरह व्यवस्तम मार्गो में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह नागपुर व छिंदवाडा जाने आने वाली बसें शाम 03.30 बजे से बस स्टेण्ड से लूघरवाडा - नगझर होते हुये बायपास से आवागमन करेंगी।

## अखिल गोंडवाना भूमका संघ ने आदिवासी प्रथक धर्म कोड की बहाली को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सिवनी नवभारत।** बुधवार को बरघाट तहसीलदार कार्यालय में अखिल गोंडवाना कोयापुनेम भूमका सेवा संस्था ने जनगणना प्रपत्र में आदिवासी प्रथक धर्म कोड की बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया गया कि भारत के स्वतंत्रता पूर्व काल में जनगणना प्रपत्रो में आदिवासी समाज व सामुदाय के लिए अलग धर्म कोड की व्यवस्था थी जहाँ आदिवासी समुदाय की धार्मिक व सांस्कृतिक की विशिष्टता का सम्मान होता था परन्तु स्वतंत्रता के उपरांत इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया जिससे आदिवासी समुदाय की पहचान लुप्त होते जा रही है जबकि स्वतंत्रता के पूर्व विशिष्टता के साथ जनगणना प्रपत्र में अलग धर्म कोड दिया जाता था।

ज्ञापन में आगे बताया गया कि भारत के मूलनिवासी आदिवासी समुदाय न हिन्दू, न मुस्लिम, न ईसाई है न ही किसी अन्य प्रमुख धर्म के अनुयायी है आदिवासी समुदाय कि अपनी धार्मिक मान्यताए परम्पराएं प्रकृति पूजा व संस्कृति है साथ ही आदिवासी समुदाय कि अपनी जीवन शैली है जनगणना प्रपत्रों में अन्य धर्मों के साथ जबरन थोपना संविधान की भावना और मौलिक अधिकारो का हनन पुन जनगणना प्रपत्र में आदिवासी धर्म कोड की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। प्रमुख रूप से अखिल गोंडवाना कोया पुनेम भूमका संघ के जिलाध्यक्ष जीता मर्सकोले, चितोड़ कुशराम, विजय उइके भूमका संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### एक नजर में

## अन्नकूट महोत्सव व दीपावली मिलन समारोह 22 को



सिवनी। जबलपुर रोड लूघरवाड़ा स्थित अग्रसेन भवन में 22 अक्टूबर को शाम 7.30 बजे से अग्रवाल समाज द्वारा अन्नकूट महोत्सव व दीपावली मिलन उत्सव मनाया जाएगा। अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर प्रतीकात्मक रूप से भगवान गोबर्धन का सामूहिक पूजन कर भोग लगाया जाएगा। साथ ही बड़े बुजुर्गो का आर्शीवाद लेकर दीपोत्सव की खुशियों का साझा किया जाएगा। इस दौरान भवन परिसर में स्थापित भगवान लक्ष्मी नारायण का विशेष पूजन अर्चन कर उन्हें भोग लगाया जाएगा। समिति ने सभी सामाजिकजनों ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## बिहार विस चुनाव के केंद्रीय पर्यवेक्षक बने संदीप तिवारी

सिवनी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री बृजमोहन श्रीवास्तव ने दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को संदीप तिवारी को बिहार चुनावों तक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। संदीप तिवारी वर्तमान में राष्ट्रवादी लीगल कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं और मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के कटंगी रोड स्थित मॉडर्न कॉलोनी निवासी हैं। नियुक्ति पत्र में श्री श्रीवास्तव ने विश्वास जताया है कि श्री तिवारी अपने अनुभव और मेहनत से पार्टी प्रत्याशियों की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे बिहार एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष, पार्टी प्रत्याशियों और अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय बनाए रखें तथा सीधे संपर्क में रहें। इस नियुक्ति पर एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजीत पवार, कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रफुल पटेल, बिहार प्रदेश अध्यक्ष श्री सूर्यकांत सिंह एवं केंद्रीय कार्यालय अधीक्षक चंदन बोस ने शुभकामनाएं दी हैं। यह नियुक्ति पार्टी के संगठनात्मक मजबूती और चुनावी रणनीति को धार देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।



## सिवनी की घटनाएं प्रदेश की कानून व्यवस्था और सरकार की साख पर गहरी चोट : मोहन

**सिवनी नवभारत।** हवाला कारोबारी से तत्कालीन एसडीओपी पूजा पांडे एवं अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा लगभग 3 करोड़ की राशि की लूट कर ली गई थी। जारी विज्ञप्ति में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल ने कहा कि अभी इस घटना की जांच चल ही रही थी कि आज पुन: एक हवलदार द्वारा रिपोर्ट लिखने के एवज में पांच लाख रुपए की मांग की गई एवं 75000 पचहत्तर हजार रुपए की राशि लेते हुए लोकायुक्त द्वारा रंगे हाथ पकड़े जाने की खबर पढ़ने को मिली। इन दोनों घटनाओं से सवाल उठता है कि क्या सिवनी की पुलिस निरंकुश हो गई है। या फिर सरकार अपनी अक्षमता के कारण व्यवस्था पर ठीक से नियंत्रण नहीं कर पा रही है या फिर सरकार ने ही पुलिस को लूट की खुली छूट दे दी है। ये घटनाएं दर्शाती है कि प्रदेश में कानून के रख वालों के बीच भ्रष्टाचार और अपराध की मानसिकता कितनी गहरी जड़ें जमा चुकी हैं। यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं है बल्कि सत्ता के संरक्षण में पनपी भ्रष्ट मानसिकता का परिणाम है। श्री चंदेल ने कहा कि इस प्रकरण की सीबीआई या न्यायिक आयोग से निष्पक्ष जांच कराई जाए।




श्री चंदेल ने कहा कि राज्य सरकार तुरंत पुलिस विभाग की आंतरिक सतर्कता इकाई को पुनर्गठित करें। लूट की राशि उसके स्रोत और उपयोग की वित्तीय आडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। यदि सरकार इस मामले में पार दर्शिता नहीं दिख ाती है तो यह माना जाएगा कि वह अपराधियों को बचाने में लगी है।




सिवनी नवभारत। मॉर्डन हॉयर सेकंडरी में स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए बच्चों ने मनमोहन रंगोली बनाई।

# अनियंत्रित होकर कंटेनर पुलिया से टकराया, तीन घायल

एनएच 44 में नहीं थम रहे हादसे, बाल-बाल बचे सवार



छपारा नवभारत। 17 अक्टूबर को सुबह लगभग 7.30 बजे नगर से तीन किलोमीटर दूर एनएच 44 फोरलेन के ग्राम घोघरी के पास मोड़ पर एक पार्सल कंटेनर ट्रक घाट हुए अनियंत्रित होकर पल्टा और लगभग 30 फुट लंबी दूरी तक क्षतिग्रस्त डिवाइडर पर घिसटते हुए मोड़ के नाले के पुल की सपोर्टींग दीवार से टकराकर वहीं रुक गया इस भीषण सड़क हादसे में कंटेनर ट्रक में सवार तीन सवार लोगों को पैर,हाथ और छाती में चोटें आईं जिन्हें सूचना पर एन एच ए आई की एंबुलेंस ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपारा भर्ती पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार कर तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

शुक्रवार को सुबह एन एच 44 फोरलेन के घुनई और घोघरी ग्राम के बीच घाट मोड जिसमें अनेकों हादसे घटित हो चुके हैं वहीं उक्त खतरनाक मोड़ पर लंबे समय से सुधार कार्य भी हो रहा है उक्त मोड़ पर दिल्ली से बैंगलोर के लिए जा रहा कंटेनर ट्रक क्रमांक आरजे 32 जीडी 7998 में आन लाइन डिलेवरी पार्सल भरा हुआ था जो घाट उतरते समय अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सवार तौफीक,मुजाहिद और सहकुल खान तीनों दुरची, जिला - नूह हरियाणा निवासी इस हादसे में बाल-बाल बच गए जिन्हें पैर, हाथ और छाती पर चोटें आई और सौभाग्य से पुल की दीवार पर टकराने से रुक गया और बड़ा हादसा टल गया आशंका जताई जा रही है कि अगर कंटेनर ट्रक कहीं दूसरी ओर या नाले में पहुंचता तो बड़े हादसा का रुप ले सकता था।

**आयोजन** | प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी में छात्र-छात्राओं को दी महत्वपूर्ण जानकारियां

# पोषण एवं शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर हुआ कार्यक्रम

**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में उमंग उच्च शिक्षा वेलनेस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य जागरूकता एनीमिया से बचाव व योग के माध्यम से स्वस्थ्य रहने हेतु जाकरकता कार्यक्रम अंतर्गत स्वाथ्य मन -स्वस्थ्य तन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया इस आयोजन के शुभारम्भ मै प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग, डॉ श्याम सिंह राहँगडाले, डॉ राकेश चौरासे, कि गरिमामयी उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम मै उपस्थित छात्र छात्राओं को मानसी पलागर द्वारा प्रमुख जानकारिया दी गईं जिसमे





**बताया पोषण का महत्व**

संतुलित आहार से शरीर को आवश्यक ऊर्जा और रोग-प्रतिरोधक क्षमता मिलती है। एनीमिया के कारण और लक्षण ङ्ख खून में हीमोग्लोबिन की कमी से थकान, कमजोरी, चक्कर जैसे लक्षण होते हैं। एनीमिया से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि आयरन युक्त आहार, विटामिन सी, नियमित आईएफए टैबलेट और कृमिनाशक दवा का सेवन करें।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के सी राउर के सी राउर ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग व आयुष मंत्रालय के निर्देशन में एवं जिला चिकित्सालय सिवनी के सहयोग से महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य व स्वास्थ के प्रति जागरूक करते हुए देश के अच्छे नागरिक बनाने की पहल से उमंग उच्च शिक्षा वेलनेस प्रोगाम संचालित है जिसमें समय समय विभिन गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है पहले भी फ्री मेडिकल चेकअप के माध्यम से विद्यार्थियों के खून, एनीमिया, केल्सियम, एच बी, सुगर टेस्ट सहित शरीर को स्वस्थ रखने को लेकर कार्यक्रम अयोजित किये जा चुके है साथ इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को योग एवं शारीरिक गतिविधियों की भूमिका व उसके प्रभाव के लाभ बताये सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन जैसे आसनों से रक्त संचार बढ़ता है और शरीर मजबूत बनता है।

### किशोरियों के लिए सुझाव

पौष्टिक भोजन लें, जंक फूड से बचें, नियमित व्यायाम करें और तनाव से दूर रहें। राष्ट्रीय पोषण अभियान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, और अन्य कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और उज्जवल भविष्य बसता है, इसलिए सभी मिलकर पोषणयुक्त एवं एनीमिया मुक्त भारत बनाएं। उपस्थित जनो से इस जागरूकता कि पहल मै सभी जुड़कर लाभान्वित होने कि बात कही कार्यक्रम में महाविद्यालय से,डॉ प्रतिभा गुप्ता,डॉ सविता मसीह, प्रो रचना सक्सेना,डॉ जोत्सना नावकर, डॉ ज्योति गजभिये, प्रो गणेश मंतारे, प्रो के के बरमैया सहित छात्र छात्राओं व कर्मचारियों अधिकारियों की उपस्तिथि रही

# करणी सेना परिवार की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक

सिवनी नवभारत। करणी सेना परिवार की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भोपाल में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य हरदा में हुए अन्याय के विरोध में 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले जन क्रांति न्याय आंदोलन की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि करणी सेना परिवार एवं सर्व समाज मिलकर हरदा में शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से न्याय की माँग करेगा। बैठक में करणी सेना परिवार द्वारा 21 सूत्रीय माँग पत्र पारित किया गया, जिसमें सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक न्याय से जुड़े मुद्दों को शामिल किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से सामान्य-पिछड़ा वर्ग के लिए स्ष्ट/स्ञ्ज एक्ट की तर्ज पर सुरक्षा व सहायता कानून बने। नियमित भर्ती कानून बने, हर वर्ष समय पर भर्तियाँ हों और बेरोज़गारों को भत्ता मिले। मीडिया कर्मियों की सुरक्षा समिति बने व झूठे मुकदमे वापस लिए जाएँ। अतिथि, स्वास्थ्यकर्मी व आउटसोर्स कर्मचारियों को योग्यता के आधार पर नियमित किया जाए। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कर किसानों को फसल सुरक्षा दी जाए। किसानों को उपकरणों पर छूट और 11,000 प्रति बीघा मुआवजा दिया जाए। सवर्ण आयोग का पुनर्गठन कर उसे वित्तीय अधिकार दिए जाएँ। गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कर गौशालाओं का स्तर सुधारा जाए। इसके अलावा अन्य मांगो पर भी चर्चा की गई।



